भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 5496
26.07.2019 को उत्तर के लिए

दिल्ली प्राणी उद्यान में जानवरों की मौत

5496. श्री गौतम गंभीरः

क्या पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या हाल ही में कई जानवरों की मौत हो जाने से दिल्ली प्राणी उद्यान में कई बाड़े खाली पड़े हैं जिससे दिल्ली प्राणी उद्यान अपना आकर्षण खो रहा है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या जिराफ, जेब्रा, ऑस्ट्रिच, किंग कोबरा, इत्यादि कई लोकप्रिय जानवरों की विभिन्न कारणों से हाल ही में मौत हो गई है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई सुधारात्मक कदम उठाए हैं तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) और (ख) राष्ट्रीय प्राणी उद्यान में मायोकार्डिटिस और किडनी खराब हो जाने के कारण आखिरी जिराफ की मृत्यु हो जाने के बाद 09.06.2015 से जिराफ का केवल एक बाड़ा खाली पड़ा हुआ है।

(ग) राष्ट्रीय प्राणी उद्यान से प्राप्त सूचना के अनुसार, हाल ही में इनमें से किसी भी जानवर की मौत नहीं हुई है।

(घ) जिराफ, जेब्रा, ऑस्ट्रिच को प्राप्त करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय प्राणी उद्यान के पशु संग्रहण योजना में किंग कोबरा शामिल नहीं है।

*****